आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 920 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कल हुई राज्य एकल खिड़की स्वीकृति एवं अनुश्रवण प्राधिकरण की 31वीं बैठक में नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने तथा मौजूदा इकाइयों के विस्तार के लिए 28 परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन प्रस्तावों में लगभग 1 हजार 734 दशमलव छह पांच करोड़ रुपये का निवेश और 5 हजार 388 व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाने प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रस्ताव में कौशल–वार रोजगार का विवरण शामिल होना चाहिए तथा श्रम–प्रधान एवं हरित उद्योगों को आकर्षित करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रियंका गांधी समेत सभी कांग्रेस नेताओं पर हिमाचल में विधानसभा चुनाव के दौरान झूठी गारंटियां देकर वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा आज 3 साल बीतने के बाद भी उन गारंटियों का कोई नाम नहीं ले रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री बताएं प्रियंका गांधी के घर बनाने पर हिमाचल को क्या फायदा हुआ ?

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रियंका जी आप ने हिमाचल प्रदेश में घर बनाया इससे हिमाचल प्रदेश को बहुत लाभ हुआ। और यह हिमाचल जानना चाहता है सही मायने में हिमाचल प्रदेश को क्या लाभ हुआ। हिमाचल प्रदेश में इस वक्त डिजास्टर एक्ट लगा है और आप अच्छी तरह से मालूम है कि हिमाचल एक बहुत बडी आपदा के दौर मे से गुजरा है। अच्छा होता आप इस वक्त हिमाचल प्रदेश में आपदा प्राभावित इलाकों का दौरा करते और आपदा प्रभावित लोगों से भी मिलते। जब प्रधानमंत्री जी आ कर यहां पर आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा कर सकते हैं और आपदा प्रभावित लोगों से मिल सकते है और हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 करोड रूपए देने की घोषणा कर सकते है आप से इतनी तो उम्मीद करना मुझे लगता है कि उचित होगा कि आप आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा करके आपदा प्रभावित लोगों के दुख को सांझा करते ।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि जो पीजीटी अपनी पदोन्नति पोस्टिंग में समय पर ज्वाइनिंग नहीं दे रहे हैं, उनकी पदोन्नति रद्द कर सरकार अगले योग्य उम्मीदवार को मौका देगी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिक्षा विभाग में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, भर्ती प्रक्रियाओं और अवसंरचना कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को

निर्देश देते हुए कहा कि नए प्राथमिक विद्यालय खोलने की औपचारिकताएं जल्द पूरी की जाए ताकि प्रस्ताव मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

कर संग्रह

चालू वित्त वर्ष में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 6 दशमलव 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह बढ़कर 11 दशमलव आठ नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। आयकर विभाग ने बताया है कि इस वर्ष पहली अप्रैल से 12 अक्टूबर तक शुद्ध कॉर्पोरेट कर संग्रह लगभग 5 दशमलव शून्य दो लाख करोड़ रुपये रहा जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 4 दशमलव नौ दो लाख करोड़ रुपये था। गैर–कॉर्पोरेट में लगभग 6 दशमलव पांच छह लाख करोड़ रुपये का कर संग्रह हुआ जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 5 दशमलव नौ चार लाख करोड़ रुपये से अधिक था।

डॉ. साधना ठाकुर

चिकित्सक और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. साधना ठाकुर को भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की राष्ट्रीय प्रबंध समिति का सदस्य चुना गया है। डॉ. साधना ठाकुर को देशभर के केवल 12 प्रतिष्ठित सदस्यों में से एक के रूप में चुना गया है, जिन्हें चुनावों के माध्यम से इस उच्च स्तरीय समिति में स्थान मिला है। यह चयन मानवता की सेवा और समाज कल्याण के प्रति उनके अथक समर्पण को प्रमाणित करता है।

बंजार

कुल्लू जिला के बंजार से जलोड़ी जोत तक बस सेवा का ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। कुल्लू की उपायुक्त तोरुल एस. रवीश ने बताया कि ज़िला की सभी मुख्य सड़कों पर बस सेवा आरम्भ हो गयी है।

कुल्लू जिला में बीते दिनों आई आपदा के बाद अब जिला की सभी मुख्य सड़कों पर आवाजाही आरंभ हो गई है। विगत दो महीनों से भी अधिक समय से आवाजाही के लिए बंद पड़ी कुल्लू–आनी–रामपुर बस सेवा आज से शुरू हो गई है। इस बस सेवा के शुरू होने से बंजार घाटी के जीभी, घ्यागी, सोजा व जलोड़ी जोत क्षेत्र के लोगों को यातायात की बड़ी सुविधा मिली है। हालांकि एनएच 305 और बंजार–जलोड़ी जोत मार्ग पहले से ही छोटे वाहनों के लिए खोल दिया गया था। परंतु आज से बस सेवा शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अनावरण से जुड़ी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है। अमर उजाला प्रियंका गांधी के हवाले से लिखता है सादगी और जनता से जुड़ाव की कांग्रेस की परंपरा को वीरभद्र के बाद सुक्खू ने आगे बढ़ाया। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है हिमाचल से सौतेला व्यवहार कर रहा केंद्र। दैनिक भास्कर के शब्द हैं देश को इंटरनेट वाले नहीं, देश हित में काम करने वाले नेता चाहिए। पंजाब केसरी लिखता है सुक्खू आपदा में मांगते रहे मदद, मोदी सरकार ने नहीं की।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है हिमाचल में 28 नए उद्योगों को मंजूरी।

---------------